दिनांकः 13.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

केन्द्रीय मंत्री और अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने आज नीमराणा में 111–ए स्टेट हाईवे का शिलान्यास कियां करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से 28 किलोमीटर लम्बी ये सड़क बनाई जाएगीं इसके बनने से 11 गांवों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगीं ये सड़क नीमराणा से शुरू होकर नागौड़ी घिलोट, डाबड़वास, चावंडी होते हुए हरियाणा तक जाएगीं

000

राज्य सरकार ने खनिज ब्लॉकों के जल्द परिचालन के लिए कवायद तेज कर दी हैं खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने बताया कि ऑक्शन ब्लॉक्स के परिचालन में होने वाली देरी और अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए 16 जुलाई को जयपुर में मंथन किया जाएगां इसके लिए खान विभाग, राजस्व, वन और पर्यावरण विभाग तथा भारतीय खान ब्यूरो सहित स्टेट एनवायरमेंट इम्पेक्ट एसेसमेंट अथारिटी–सीया को साझा मंच उपलब्ध करवाया जा रहा हैं उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में नीलाम खानों की परिचालन प्रक्रिया में होने वाली देरी के कारणाों को दूर करने पर चर्चा की जाएगीं सरकार ने क्वारी लाइसेंस धारकों और अप्रधान लीज धारकों को खनिज पट्टों की अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन की तारीख 30 सितम्बर कर दी हैं

000

दिल्ली–मुम्बई एक्सप्रेस वे पर कोटा जिले में आज एक दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु हो गयी और छह घायल हो गयें हादसा बूढ़ादीत क्षेत्र में टैम्पो और कार के बीच टक्कर से हुआं इनमें तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गयीं पुलिस के अनुसार ये लोग करौली के रहने वाले थे और इंदौर में एक समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे कि हादसे का शिकार हो गयें वहीं पाली में आज सुबह बाली–मुंडारा मार्ग पर एक मोटरसाइकिल के बेकाबू होकर पलटने से एक महिला की मृत्यु हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गयें घायलों को जोधपुर रैफर किया गया हैं उधर, झालावाड़ के सुनेल में सामिया गांव के पास एनीकट में डूबने से तीन बच्चों की मृत्यु हो गईं

000

सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद आज अलवर के मौजपुर पहुंचें उन्होंने एसएसबी के प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण कर नये बनाए गये कॉन्फ्रेन्स हॉल का उद्‌घाटन कियां इस दौरान श्री प्रसाद ने परिसर में पौधरोपण कियां

000

प्रदेशभर में बीते 24 घंटों में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश दर्ज की गईं सबसे ज्यादा 11 सेंटीमीटर से अधिक पानी झालावाड़ के मनोहर थाना में बरसां बांसवाड़ा के सल्लोपाट, धौलपुर के सैपउ, अलवर के मालाखेड़ा, बहादुरपुर और तिजारा, करौली के मंडरायल तथा भरतपुर के नगर सहित कई स्थानों पर अच्छी बरसात हुईं

इसके अलावा सिरोही, उदयपुर, डूंगरपुर, चित्तौडगढ, दौसा, बारां, सहित कई जगह से बारिश के समाचार हैं मौसम विभाग ने आज प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया हैं 12 जिलों में बरसात का ऑरेंज और 18 जिलों में येलो अलर्ट बताया गया हैं इस बीच, टोंक जिले में बीसलपुर बांध में लगातार हो रही पानी की आवक से जल स्तर में बढोतरी हुई हैं बांध परियोजना के एक्सईएन मनीष बंसल ने बताया कि बांध करीब 314 आरएल मीटर तक भर गया हैं गौरतलब है कि बीसलपुर बांध से जयपुर, अजमेर, टोंक, किशनगढ़ और ब्यावर शहरों में पीने के पानी की आपूर्ति होती हैं

000

डीग में भरतपुर के कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं धर्मपुरा गांव में हो रहे इस शिविर में किसानों को मौसमी फल–सब्ज़ियों की प्रोसेसिंग के बारे

में बताया जा रहा हैं इस दौरान विशेषज्ञ फल–सब्ज़ियों से अचार और जैम बनाने का प्रशिक्षण दे रहे हैं

000

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम–4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी यात्रा कल शुरू होगीं केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ये सभी अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को दोपहर लगभग तीन बजे पृथ्वी पर वापस आ जाएंगें ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के 14 दिन के मिशन पर हैं वे इस स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय और 1984 में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं इस यात्रा के दौरान, ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने भारत से संबंधित सात प्रयोग किएं

000